स्वच्छता ही सेवा 2025

[स्रोत: पी.आई.बी](#)

भारत सरकार ने **स्वच्छता ही सेवा (SHS) 2025** अभियान की शुरुआत की है, जिसके अंतर्गत पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं।

- **स्वच्छता ही सेवा (SHS) 2025**, [स्वच्छ भारत मिशन (2014)](#) की गति को आगे बढ़ाते हुए स्वच्छता और स्वास्थ्य-स्वच्छता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है।
- **SHS 2025** की थीम **'स्वच्छोत्सव (Swachhotsav)'** है, जो उत्सव की भावना को स्वच्छता की ज़िम्मेदारी के साथ जोड़ता है।
- यह अभियान **स्वेच्छा सेवा, सामूहिक कार्रवाई और जनभागीदारी** पर केंद्रित है तथा नागरिकों को स्वच्छ परिवेश बनाए रखने के लिये **तीन R's – कम करना (Reduce), पुनः उपयोग (Reuse), पुनर्चक्रण (Recycle)** को बढ़ावा देता है।

स्वच्छ भारत मिशन (SBM)

- **लॉन्च और उद्देश्य:** [स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)](#) और [स्वच्छ भारत मिशन (शहरी)](#) की शुरुआत वर्ष 2014 में की गई थी, जिसका उद्देश्य खुले में शौच को समाप्त करना तथा ग्रामीण एवं शहरी भारत में स्वच्छता में सुधार करना था।
- **SBM-ग्रामीण:**
  - **चरण I (2014–2019): 100% स्वच्छता कवरेज** हासिल की गई, **10 करोड़ से अधिक घरेलू शौचालय** बनाए गए और **सभी गाँवों को ODF** (खुले में शौच मुक्त) घोषित किया गया।
  - **चरण II (2020–2025/26):** ODF की स्थिति को बनाए रखने, **ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन** और गाँवों को **ODF प्लस मॉडल** में बदलने पर केंद्रित है।
- **SBM-शहरी (SBM-U):**
  - **चरण I (2014-2021): 4,041 वैधानिक कस्बों** में **ODF शहरों और नगरपालिका ठोस अपशिष्ट के 100% वैज्ञानिक प्रबंधन** को लक्षित किया गया।
  - **चरण II/SBM-U 2.0 (2021-2026): 'अपशिष्ट मुक्त' शहरों का लक्ष्य, स्वच्छ व्यवहार** को संस्थागत बनाना और [सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) 2030](#) में योगदान देना।
- **प्रभाव:** SBM ने स्वच्छता, स्वास्थ्य और अपशिष्ट प्रबंधन के बुनियादी ढाँचे में उल्लेखनीय सुधार किया है, जिससे **सार्वजनिक स्वास्थ्य, जीवन की गुणवत्ता तथा शहरी-ग्रामीण परिवर्तन** में योगदान मिला है।

और पढ़ें: [स्वच्छ भारत मिशन की यथार्थता](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/swachhata-hi-seva-2025